कार्यालय प्राचार्य
संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद,
जिला धमतरी (छ.ग.)
NAAC Accredited B
Website: govtcollegekurud.com Email: pgcollegekurud@gmail.com, pri-sggpgkurud.cg@gov.inTel: 07705-296375

।। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सूचना ।।

दिनांक 19/09/2024

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास), जिला–धमतरी के निर्देशानुसार/सूचना अनुसार महाविद्यालय के समस्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (SC/ST/OBC) के नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सत्र 2024–25 हेतु वेबसाईट **https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

आवेदन की अंतिम तिथिः 30/10/2024 है लेकिन अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न कर विद्यार्थी शीघ्र ही ऑनलाईन आवेदन करें।

आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करने हेतु तैयार रखें–

1. ऑनलाईन आवेदन फार्म (फार्म में पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा करें)
2. निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति (लोक सेवा केन्द्र द्वारा ऑनलाईन जारी होना चाहिए)।
3. जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति (लोक सेवा केन्द्र द्वारा ऑनलाईन जारी होना चाहिए)।
4. आय प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2023–24 का (लोक सेवा केन्द्र द्वारा ऑनलाईन जारी होना चाहिए)।
5. आधार कार्ड की छायाप्रति ।
6. आधार–बैंक खाता सीडिंग/मैपिंग होने संबंधी स्टेटस रिपोर्ट की छायाप्रति।
   (**https://myaadhaar.uidai.gov.in/** में **Login** कर **Bank Seeding Status** में क्लिक कर आधार–बैंक खाता सीडिंग/मैपिंग होने संबंधी स्टेटस रिपोर्ट प्राप्त कर सकते है।)
   ******आधार से लिंक मोबाईल नंबर एवं बैंक खाता से लिंक मोबाईल नं एक ही होना चाहिए।
7. 10 वीं की अंकसूची की छायाप्रति।
8. 12 वीं की अंकसूची की छायाप्रति।
9. पूर्व कक्षा की समस्त अंकसूची की छायाप्रति। (जैसे–स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थी हों तो प्रथम एवं द्वितीय वर्ष दोनों की अंकसूची)
10. यदि पढ़ाई में गैप/अंतराल होने की स्थिति में गैप सर्टिफिकेट (नोटरी) संलग्न करें।
11. आधार से सीडेड, विद्यार्थी के स्वयं के बैंक पासबुक का प्रथम पृष्ठ जिसमें आई.एफ.सी. कोड अंकित हो व अंतिम ट्रांजेक्शन पृष्ठों जो स्पष्ट व सही अंकित हो जिसे आसानी से पढ़ा जा सके, की छायाप्रति। माह–सितम्बर या अक्टूबर–2024 में खातें में किए गए ट्रांजेक्शन की छायाप्रति। **(जिस बैंक में खाता है उस बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम राशि रू. (जैसे रू. 1500/–, 2000/–, 3000/– या अधिक खाते में होना चाहिए।)**
12. स्टाम्प पेपर पर आय का शपथ पत्र मूल प्रति **(प्रारूप बाद में उपलब्ध कराया जायेगा)।**
   (केवल निर्धारित प्रारूप में स्टाम्प पेपर पर ही शपथ पत्र मान्य होगा ।)

Scanned with OKEN Scanner

13. बैंक खाता अपडेट के संबंध में हस्त लिखित आवेदन पत्र। (प्रारूप बाद में उपलब्ध कराया जायेगा)

14. प्रवेश फीस की तीनों रसीद की छायाप्रति।

15. छात्रावासी होने का प्रमाण पत्र मूल प्रति (यदि विद्यार्थी छात्रावास में निवासरत् है)।

नोट:– 1. विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय पत्राचार एवं स्थायी पता सही–सही भरेंगे।

2. विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय मूल दस्तावेंजो को स्कैन कर अपलोड करवायें।

आवेदन की हार्ड कॉपी जमा करने हेतु अलग से सूचना जारी की जावेगी। अभी केवल ऑनलाईन आवेदन कर स्टाम्प पेपर शपथ पत्र एवं हस्तलिखित आवेदन को छोड़कर दस्तावेज तैयार रखें।

(डॉ. डी. के. राठौर)
प्राचार्य
PRINCIPAL
S.G.D. Govt. P.G. College
Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

छात्रवृत्ति समिति–
1. डॉ. आर. के. पाण्डेय,
संयोजक, छात्रवृत्ति वितरण समिति
/सहा.प्रा. हिन्दी
2. डॉ. फिरोज कुमार सोनवानी,
सदस्य, छात्रवृत्ति वि. स. /सहा.प्रा. अर्थशास्त्र
3. श्री राकेश कुमार सोनकर
सदस्य, छात्रवृत्ति वि. स. /सहा.प्रा. रसायन
4. सुश्री लीना दिली
सदस्य, छात्रवृत्ति वि. स. /सहा.प्रा. भौतिकी

SC एवं ST वर्ग के विद्यार्थियों को इस वर्ष 2024–25 में OTR (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) नंबर प्राप्त करना अनिवार्य है। वन टाइम रजिस्ट्रेशन के लिए इस लिंक https://scholarships.gov.in/otrapplication पर क्लिक करें।

Scanned with OKEN Scanner